या अपने ही सरगम को लॉघकर

चला जाता है भटकता हुआ एक अनहद में

जब संगतकार ही स्थायी को सँभाले रहता है

जैसे समेटता हो मुख्य गायक का पीछे छूटा हुआ सामान

जैसे उसे याद दिलाता हो उसका बचपन

जब वह नौसिखिया था

(क) प्रस्तुत काव्य–पंक्तियों में किसकी भूमिका के महत्व पर प्रकाश डाला गया है ?

(ख) कविता हम पर क्या प्रभाव डालती है ?

(ग) काव्यांश में कौन–सा भाव तथा रस है ?

(घ) कविता कौन–से काल की है ?

(ङ) 'नई कविता' धारा की विशेषता क्या है ?

(ङ) 'नई कविता' धारा की विशेषता क्या है ?

अर्थबोध (गद्य)

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नोंके उत्तर लिखिए।

(1) नेताजी का चश्मा

सोचा, आज वहॉ रूकेंगे नहीं, पान भी नहीं खाएँगे, मूर्ति की तरफ़ देखेंगे भी नहीं, सीधे निकल जाएँगे। ड्राइवर से कह दिया, चौराहे पर रूकना नहीं, आज बहुत काम है, पान आगे कहीं खा लेंगे।

लेकिन आदत से मजबूर ऑखें चौराहा आते ही मूर्ति की तरफ़ उठ गई। कुछ ऐसा देखा कि चीखे रोको! जीप स्पीड में थी, ड्राइवर ने जोर से ब्रेक मारे। रास्ता चलते लोग देखने लगे। जीप रूकते–न–रूकते हालदार साहब जीप से कूदकर तेज–तेज कदमों से मूर्ति की तरफ लपके और उसके ठीक सामने जाकर अटेंशन में खड़े हो गए।

मूर्ति की ऑखों पर सरकंडे से बना छोटा–सा चश्मा रखा हुआ था, जैसे बच्चे बना लेते हैं। हालदार साहब भावुक हैं। इतनी–सी बात पर उनकी ऑखें भर आई।

(क) प्रस्तुत **गद्यांश** में किसकी बात की जा रही है ?

(ख) हालदार साहब मूर्ति की तरफ क्यों नहीं देखना चाहते थे।

(ग) हालदार साहब ने ऐसा क्या देखा जो चीख पड़े ?

(घ) हालदार साहब इतनी–सी बात पर भावुक क्यों हो उठे।

(2) बालगोबिन भगत

बालगोबिन भगत गाए जा रहे हैं! हाँ, गाते–गाते कभी–कभी पतोहू के नज़दीक भी जाते और उसे रोने के बदले उत्सव मनाने को कहते। आत्मा–परमात्मा के पास चली गई, भला इससे बढ़कर आनंद की कौन बात ? मैं कभी–कभी साोचता, यह पागल तो नहीं हो गए। किंतु नहीं, वह जो कुछ कह रहे थे, उसमें उनका विश्वास बोल रहा था–वह चरम विश्वास, जो हमेशा ही मृत्यु पर विजयी होता आया है।

(क) पतोहू क्यों रो रही थी ?

(ख) भगत जी उसे उत्सव मनाने की क्यों कहते हैं ?

(ग) लेखक भगत जी के बारे में क्या सोचते हैं ?

(घ) लेखक को भगत जी की बातों पर विश्वास क्यों हुआ ?

(3) लखनवी अंदाज

हम गौर कर रहे थे, खीरा इस्तेमाल करने के इस तरीके को खीरे की सुगंध और स्वाद की कल्पना से संतुष्ट होने का सुक्ष्म, नफीस या एब्स्ट्रेक्ट तरीका जरूर कहा जा सकता है, परंतु क्या ऐसे तरीके से उदर की तृप्ति भी हो सकती है ?

नवाब साहब की ओर से भरे पेट के ऊँचे डकार का शब्द सुनाई दिया और नवाब साहब ने हमारी ओर देखकर कह दिया, 'खीरा लजीज होता है लेकिन होता है सकील, नामुराद मेदे पर बोझ डाल देता है।'

ज्ञान–चक्षु खुल गए! पहचाना–ये हैं नई कहानी के लेखक!

(क) लेखक ने किस तरीके को शिष्टता और कोमलता का तरीका कहा है और क्यों?

(ख) खीरे की विशेषता, तथा उससे होने वाली परेशानी का उल्लेख कीजिए ?

(ग) 'ज्ञान–चक्षु खुल गए'–लेखक ने ऐसा क्यों कहा ?

(4) मानवीय करुणा की दिव्य चमक

फादर को याद करना एक उदास शांत संगीत को सुनने जैसा है। उनको देखना करुणा के निर्मल जल में स्नान करने जैसा था और उनसे बात करना कर्म के संकल्प से भरना था। मुझे 'परिमल' के वे दिन याद आते हैं, जब हम सब एक पारिवारिक रिश्ते में बँधे जैसे थे, जिसके बड़े फादर बुल्के थे। हमारे हँसी–मजाक में वह निर्लिपत शामिल रहते, हमारी गोष्ठियों में वह गंभीर बहस करते, हमारी रचनाओं पर बेबाक राय और सुझाव देते और हमारे घरों के किसी भी उत्सव और संस्कार में वह बड़े भाई और पुरोहित जैसे खड़े हो हमें अपने आशीषों से भर देते।

(क) फादर को देखकर तथा बातचीत कर लेखक को क्या अनुभव होता था ?

(ख) लेखक को 'परिमल' के दिन क्यों याद आते थे ?

(ग) फादर बुल्के को बड़े भाई और पुरोहित के समान क्यों कहा गया ?

(5) एक कहानी यह भी

होश सँभालने के बाद से ही जिन पिता जी से किसी–न–किसी बात पर हमेशा मेरी टक्कर ही चलती रही, वे तो न जाने कितने रूपों में मुझमें हैं.....कहीं कुँठाओं के रूप में, कहीं प्रतिक्रिया के रूप में तो कहीं प्रतिच्छाया के रूप मे। केवल बाहरी भिन्नता के आधार पर अपनी परंपरा और पीढ़ियों को नकारने वालों को क्या सचमुच इस बात का बिलकुल अहसास नहीं होता कि उनका आसन्न अतीत किस कदर उनके भीतर जड़ जमाए बैठा रहता है! समय का प्रवाह भले ही हमें दूसरी दिशाओं में बहाकर ले जाए.....स्थितियों का दबाव भले ही हमारा रूप बदल दे, हमें पूरी तरह उससे मुक्त तो नहीं ही कर सकता!

(क) लेखिका की अपने पिता से टक्कर क्यों होती थी ?

(ख) हमें किस बात का अहसास नहीं होता ?

(ग) हम किससे मुक्त नहीं हो पाते और क्यों ?

(6) स्त्री–शिक्षा के विरोधी कुतर्कों का खंडन

इससे अधिक भयंकर बात और क्या हो सकेगी! यह सब पापी पढ़ने का अपराध है। न वे पढ़तीं, न वे पूजनीय पुरुषों का मुकाबला करतीं। यह सारा दुराचार स्त्रियों को पढ़ाने ही का कुफल है। समझे। स्त्रयों के लिए पढ़ना कालकूट और पुरुषों के लिए

पीयूष का घूंट! ऐसी ही दलीलों और दृष्टांतों के आधार पर कुछ लोग स्त्रियों को अपढ़ रखकर भारतवर्ष का गौरव बढ़ना चाहते हैं।

(क) प्रस्तुत गद्यांश में लेखक ने किस प्रकार के लोगों पर व्यंग्य किया है ?

(ख) जो व्यक्ति स्त्री–शिक्षा के विरोधी हैं, वे क्या तर्क तथा उदाहरण देते हैं ?

(ग) स्त्रियों को अशिक्षित रख कर क्या भारत का गौरव बढ़ा सकते हैं ?तर्क सहित उत्तर दीजिए।

(7) नौबतखाने में इबादत

1– शहनाई के इसी मंगलध्वनि के नायक बिस्मिल्ला खॉ साहब अस्सी बरस से सुर मॉग रहे हैं। सच्चे सुर की नेमत। अस्सी बरस की पॉचों वक्त वाली नमाज इसी सुर को पाने की प्रार्थना में खर्च हो जाती है। लाखों सजदे, इसी एक सच्चे सुर की इबादत में खुदा के आगे झुकते हैं। वे नमाज के बाद सजदे में गिड़गिड़ाते हैं–'मेरे मालिक, एक सुर बख्श दे। सुर में वह तासीर पैदा कर कि ऑखों से सच्चे मोती की तरह अनपढ़ ऑसू निकल आऍ। उनको यकीन है, कभी खुदा यूँ ही उनपर मेहरबान होगा और अपनी झोली से सुर का फल निकालकर उनकी ओर उछालेगा, फिर कहेगा, ले जा अमीरुद्दीन इसको खा ले और कर ले अपनी मुराद पूरी।

(क) बिस्मिल्ला खॉ ने ईश्वर से सदा क्या मॉगा ?

(ख) उन्हें क्या विश्वास था ?

(ग) प्रस्तुत अवतरण के आधार पर खॉ साहब की किन्हीं दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

2. इस दिन खॉ साहब खड़े होकर शहनाई बजाते हैं व दालमंडी में फातमान के करीब आठ किलोमीटर की दूरी तक पैदल रोते हुए, नौहा बजाते जाते हैं। इस दिन कोई राग नहीं बजता। राग–रागिनियों की अदायगी का निशेध है इस दिन।

उनकी ऑखें इमाम हुसैन और उनके परिवार के लोगों की भाहादत में नम रहती हैं। अजादारी होती है। हजारों ऑखें नम। हजार बरस की परंपरा पुनर्जीवित। मुहर्रम संपन्न होता है। एक बड़े कलाकार का सहज मानवीय रूप ऐसे अवसर पर आसानी से दिख जाता है।

(क) किस दिन खॉ साहब खड़े होकर शहनाई बजाते थे ?

(ख) इस दिन राग–रागिनियॉ क्यों नहीं बजाई जातीं ?

(ग) एक बड़े कलाकार का कौन–सा रूप प्रकट होता है?

(8) संस्कृति

हमारी समझ में मानव संस्कृति की जो योग्यता आग व सुई–धागे का आविष्कार कराती है, वह भी संस्कृति है, जो योग्यता तारों की जानकारी कराती है? वह भी है और जो योग्यता किसी महामानव से सर्वस्व त्याग कराती है, वह भी संस्कृति है।

और सभ्यता ? है–संस्कृति का परिणाम। हमारे खाने–पीने के तरीके, हमारे ओढ़ने पहनने के तरीके, हमारे गमना–गमन के साधन, हमारे परस्पर कट मरने के तरीके; सब हमारी सभ्यता है। मानव की जो योग्यता उससे आत्म– विनाश के साधनों का आविष्कार कराती है, हम उसे उसकी संस्कृति कहें या असंस्कृति ? और जिन साधनों के बल पर वह दिन–रात आत्म–विनाश में जुटा हुआ है, उन्हें हम उसकी सभ्यता समझें या असभ्यता ? संस्कृति का यदि कल्याण की भावना से नाता टूट जाएगा तो वह असंस्कृति होकर ही रहेगी और ऐसी संस्कृति का अवश्यंभावी परिणाम असभ्यता के अतिरिक्त दूसरा क्या होगा ?

(क) किसे–किसे संस्कृति कहा जा सकता है ?

(ख) सभ्यता किसे कहा गया ?

(ग) मानव की जो योग्यता उससे आत्म– विनाश के साधनों का आविष्कार कराती है, हम उसे उसकी संस्कृति कहेंगे या असंस्कृति ?

विषय वस्तु विचार \ संदेश (गद्य)

1. नेताजी का चश्मा

1- लेखक ने कस्बे का वर्णन किस प्रकार किया है ?

2- कैप्टन मूर्ति पर बार–बार **चश्मा** क्यों लगा देता था ?

3- मूर्ति पर सरकंडे का **चश्मा** क्या उम्मीद जगाता है ?

4 हालदार साहब **चश्मे** वाले की **देशभक्ति** के प्रति क्यों नतमस्तक थे?

5 नेताजी की मूर्ति को देखकर क्या याद आने लगता था?

6 हम सभी कैसे अपने दैनिक कार्यों से किसी–न किसी रूप में अपने **देश**–प्रेम को प्रकट कर सकते हैं ?

7 जब तक हालदार साहब ने कैप्टन को साक्षात् देखा नहीं था, तब तक उनके मानस पटल पर उसका कौन–सा चित्र रहा होगा, अपनी कल्पना से लिखिए।

8 नेता जी की मूर्ति को **चश्मे** के बगैर देखकर लेखक को बुरा क्यों लगा ?

9 नेताजी का चश्मा कहानी का संदेश लिखिए।

10 हालदार साहब ने मूर्ति को कब और कैसे देखा ?

11 नेता जी का चश्मा कहानी के शीर्षक की सार्थकता स्पष्ट कीजिए।

12 मूर्ति में किस चीज की कमी थी, जो आँखों को खटकती थी ?

13 कैप्टन को नेता जी की मूर्ति से बार–बार क्षमा याचना क्यों करनी पड़ती थी ?

14 कस्बे में नेताजी की मूर्ति देखने के बाद सोच–विचार करके हालदार किस निष्कर्ष पर पहुँचे ?

15 कौन सी बात पान वाले के लिए मज़ेदार किन्तु हालदार साहब के लिए चकित तथा द्रवित करने वाली थी ?

16 क्या लेखक स्वयं प्रकाश जी ' नेता जी का चश्मा' कहानी लिखकर अपने उद्देश्य में सफल हुए ? अपने विचार दीजिए।

2. बालगोबिन भगत

1. बालगोबिन भगत किसके पद गाते थे और क्यों?
2. बालगोबिन भगत की पुत्रवधू कैसी थी?
3. कार्तिक मास से फाल्गुन मास तक बालगोबिन भगत सुबह के समय में क्या करते थे?

4- **अषाढ़** में बालगोबिन भगत के संगीत का जादू सबपर क्या–क्या प्रभाव डालता था ? चित्रण कीजिए।

5. मोह और प्रेम में अंतर होता है। भगत के जीवन की किस घटना के आधार पर इस कथन को सच सिद्ध करेंगे ?
6. इस पाठ में जो ग्राम्य संस्कृति की झलक मिलती है, उसका उल्लेख कीजिए।

7 लेखक ने बालगोबिन भगत की संगीत साधना का चरमोत्कर्ष कब देखा ?

8 बालगोबिन भगत अपनी पुत्रवधू का विवाह क्यों करना चाहते थे ? ऐसा करना उनकी किस दूरदर्शिता का परिचायक है ?

9 'बालगोबिन भगत' पाठ के आधार पर बताएँ कि लेखक को समाज का घृणित स्वरूप किन बातों में नज़र आता है ?

10 "गर्मी की उमस भरी संध्याएँ भी भगत के स्वरों को निढाल नहीं कर पाती थीं" इस कथन के आलोक में भगत के मधुर गायन की विशेषताएँ लिखें।

11 बलगोबिन भगत मोह को नहीं प्रेम को महत्त्व देते थे 'बालगोबिन भगत' पाठ के आधार पर सिद्ध करें।

3. लखनवी अंदाज

1. लेखक सेकण्ड क्लास के डिब्बे में यात्रा क्यों कर रहा था?
2. लेखक ने नवाब की असुविधा और संकोच के लिए क्या अनुमान लगाया?
3- बिना विचार, घटना और पात्रों के भी क्या कहानी लिखी जा सकती है? यशपाल के इस विचार से आप कहॉ तक सहमत हैं?
4- लेखक ने लखनऊ स्टेशन पर खीरा बेचने वालों की किस विशेषता को प्रकट किया ?
5. खीरा खाने से इंकार करने पर लेखक को अफसोस क्यों हो रहा था ?
6. 'लखनवी अंदाज' कहानी के माध्यम से लेखक ने किस वर्ग की प्रवृत्ति पर कटाक्ष किया है ?

8 लेखक खीरा इस्तेमाल करने के किस तरीके पर गौर कर रहे थे ?

9 लखनवी अंदाज' नामक व्यंग्य हमें क्या संदेश देता है ?

10 ऐसी किसी सनक का उल्लेख करते हुए बताइए कि क्या सनक का कोई सकारात्मक रूप हो सकता है ?

4. मानवीय करुणा की दिव्य चमक

1. आपके विचार से बुल्के ने भारत आने का मन क्यों बनाया होगा?
2. फादर बुल्के ने संन्यासी की परंपरागत छवि से अलग एक नई छवि प्रस्तुत की है। कैसे?
3. फादर बुल्के भारतीय संस्कृति के एक अभिन्न अंग हैं, किस आधार पर ऐसा कहा गया है?

4. फादर बुल्के एक संन्यासी थे, परंतु पारंपरिक अर्थ में हम उन्हें संन्यासी क्यों नहीं कह सकते ?
5. फादर का हिन्दी के प्रति किस प्रकार का लगाव था तथा उन्होंने हिंदी की सेवा के लिए क्या कार्य किए ?
6. लेखक ने फादर बुल्के को 'यज्ञ की पवित्र आग' क्यों कहा है ?
7. फादर बुल्के की मृत्यु के समय लोगों का मन दुखों से भरा था, उन्होंने अपनी श्रद्धांजलि किस प्रकार दी ? उदाहरण दीजिए।

5. एक कहानी यह भी

1- शीला अग्रवाल का लेखिका के जीवन पर क्या प्रभाव पड़ा?
2. किन कारणों से लेखिका के मन में हीन भावना पैदा हो गई थी?
3- इस आत्मकथ्य के आधार पर स्वाधीनता आन्दोलन के **परिदृश्य** का चित्रण करते हुए उसमें मन्नू जी की भूमिका को रेखांकित कीजिए।
4- मॉ में इतनी **विशेषताएं** होते हुए भी लेखिका अपनी मॉ को अपना **आदर्श** क्यों नहीं बना सकी ?
5. वह कौन–सी घटना थी, जिसके बारे में सुनने पर लेखिका को न अपनी ऑखों पर वि वास हो पाया और न अपने कानों पर ?
6- लेखिका की अपने पिता से वैचारिक टकराहट को अपने **शब्दों**में लिखिए।
7. छात्र के जीवन में अध्यापक का क्या महत्त्व है ?
8. वर्तमान प्लैट कल्चर में हम अपने आप को असुरक्षित कैसे पाते हैं ?
9- लेखिका का अपने पिता से वैचारिक टकराव का क्या कारण था ?
10. आज़ाद हिन्द फौज द्वारा कालेज के छात्रों का आह्वान क्यों किया गया ?
11. भारत देश महान विषय पर अपने विचार व्यक्त करें।

6. स्त्री–शिक्षा के विरोधी कुतर्कों का खंडन

1. प्राचीनकाल में पांडित्य में परिपूर्ण किन स्त्रियों का उल्लेख लेखक ने किया है?
2- तब की **शिक्षा** प्रणाली और अब की **शिक्षा** प्रणाली में क्या अंतर है?
3- 'स्त्रियों को पढ़ाने से अनर्थ होते हैं'–कुतर्कवादियों की इस दलील का खंडन द्विवेदी जी ने कैसे किया है? अपने **शब्दों** में लिखिए।
4- किन–किन दलीलों और **दृष्टांत** के आधार पर कुछ लोग स्त्रियों को अपढ़ रखना चाहते हैं ?
5- तब की **शिक्षा** प्रणाली और अब की **शिक्षा** प्रणाली में क्या अंतर है ? स्पष्ट कीजिए।
6. महावीर प्रसाद द्विवेदी का निबंध उनकी दूरगामी और खुली सोच का परिचायक है–कैसे ?

7- शिक्षा प्रणाली में संशोधन करते समय किन बातों पर ध्यान दिया जाना आवशयक होगा ?

8. परंपरा के उन्हीं पक्षों को स्वीकार किया जाना चाहिए जो स्त्री पुरूष समानता को बढ़ाते हैं – तर्क सहित उत्तर दीजिए।

9. द्विवेदी जी सीता तथा शकुंतला के कटु वचनों को उचित क्यों ठहराते हैं ?

10. स्त्री–शिक्षा के विरोधी कैसी दलीलें तथा दृष्टांत देकर स्त्री–शिक्षा का विरोध करते हैं ?

11. महावीर प्रसाद द्विवेदी का निबन्ध उनकी दूरगामी खुली सोच का परिचायक है कैसे ?

7. नौबतखाने में इबादत

1- 'फटा सुर न बक्शें। लुंगिया का क्या है, आज फटी है, तो कल सी जाएगी।'–आशय स्पष्ट कीजिए।

2. बिस्मिल्ला खॉ मिली–जुली संस्कृति के प्रतीक थे। सिद्ध कीजिए।

3. पाठ में आए किन प्रसंगों के आधार पर आप कह सकते हैं कि 'वे वास्तविक अर्थों में सच्चे इन्सान थें'।

4. पाठ में आए किन प्रसंगों के आधार पर आप कह सकते हैं कि बिस्मिल्ला खॉ मिली–जुली संस्कृति के प्रतीक थे ?

5. बिस्मिल्ला खॉ कला के अनन्य उपासक थे, तर्क सहित उत्तर दीजिए।

6 अमीरूद्दीन किसका नाम था ? उसका जन्म कब और कहाँ हुआ था ?

7 बिस्मिल्ला खाँ कितनी बार नमाज पढ़ते थे और नमाज के बाद सजदे में क्या गिड़गिड़ाते थे ?

8 काशी में सब कुछ एकाकार कैसे हो गया है ?

9 नौबतखाने में इबादत पाठ में कौन–कौन से विभिन्न रागों के नाम आए हैं।

10 काशी में उस समय संगीत आयोजन की क्या परंपरा थी ?

11 बिस्मिल्लाह खाँ को क्या–क्या शौक थे ?

12 'नौबतखाने में इबादत' पाठ के कथ्य पर प्रकाश डालिए।

13 'नौबतखाने में इबादत' पाठ से हमें क्या संदेश मिलता है ?

14 हमारे संगीत में शहनाई वाद्य को समृद्ध करने में काशी (वाराणसी) का क्या योगदान है?

15 अपने मनपसंद संगीतकार के बारे में अनुच्छेद लिखिए।

16 काशी भारत के किस प्रांत में है। उसकी प्रसिद्धि के कारण बताते हुए काशी के प्रमुख दर्शनीय स्थलों के नाम लिखिए।

17 बिस्मिल्ला खां के जीवन का संक्षिप्त परिचय देते हुए उनके जीवन में शहनाई के महत्त्व पर प्रकाश डालिए।

18 बिस्मिल्ला खाँ को हम किन–किन बातों के लिए याद रखेंगे ?

8. संस्कृति

1. आग की खोज एक बहुत बडी खोज क्यो मानी जाती हैं? इस खोज के पीछे रही प्रेरणा के मुख्य स्त्रोत क्या रहे होंगें ?
2. न्यूटन को सस्कृंत मानव कहने के पीछे कौन से तर्क दिये गए हैं? न्यूटन द्वारा प्रतिपादित सिद्धान्तो एवं ज्ञान की कई दूसरी बारीकियों को जानने वाले लोग भी न्यूटन की तरह संस्कृत नही कहला सकते क्यो ?
3. संस्कृति कब असंस्कृति में बदल जाती हैं ?
4. भौतिक प्रेरणा और ज्ञानेप्सा क्या ये ही दो मानव संस्कृति के माता–पिता है ?
5. संस्कृत व्यक्ति की संतान के संबंध में लेखक का क्या विचार है?
6- मानव की जो योग्यता उससे आत्म–विनाश के साधनों का आविष्कार कराती है। हम उसे उसकी संस्कृति कहें या असंस्कृति?

7 किन महत्वपूर्ण आवशयकताओं की पूर्ति के लिए सुई–धागे का आविष्कार हुआ होगा?

8 संस्कृति पाठ के आधार पर संस्कृति और सभ्यता के संदर्भ में लेखक का दृष्टिकोण स्पष्ट कीजिए।

9 लेखक के अनुसार संस्कृति असंस्कृति कब बन जाती है और उसका क्या परिणाम होता है ?

10 हमारी सभ्यता का अंश कैसे लोगों से मिलकर बना है ?

11 संस्कृति का अर्थ समझाइए।

12 लेखक ने सबसे बड़े आविष्कर्ता की संज्ञा किसे दी है तथा किस उदाहरण द्वारा इसे स्पष्ट किया गया है ?

13 संस्कृति पाठ के वर्तमान संदर्भ में प्रासंगिकता स्पष्ट कीजिए।

14 लेखक द्वारा लेनिन के संबंध में दिया विचार स्पष्ट कीजिए।

15 संस्कृति पाठ के आधार पर कर्मण्य और अकर्मण्य में अंतर स्पष्ट कीजिए।

16 'मानव संस्कृति एक अविभाज्य वस्तु है और उसमें जितना अंश कल्याण का है वह अकल्याणकर की अपेक्षा श्रेष्ठ ही नहीं स्थायी भी है।' क्या आप लेखक के इस कथन से सहमत हैं – अपने विचार स्पष्ट कीजिए।

17 विज्ञान के युग में नए–नए अस्त्र–शस्त्रों की खोज हो रही है। क्या इनके आविष्कारक संस्कृत व्यक्ति कहे जा सकते हैं – स्पष्ट कीजिए।

18 संस्कृति पाठ में संस्कृत मानव के संदर्भ में न्यूटन के विचार स्पष्ट कीजिए।

19 लेखक भदंत आनंद कौसल्यायन ने आज के ज्ञान का प्रथम पुरस्कर्ता किसे कहा है ?

कृतिका (निबंधात्मक एवं लघु उत्तरात्मक)

1. माता का अँचल

1 'माता का अँचल' पढ़ते समय आपको भी अपने माता–पिता का लाड़–प्यार याद आ रहा होगा– अपनी इन भावनाओं को लिखिए।

2' माता का अँचल' में बच्चों की जो दुनिया रची गई है वह आपके बचपन की दुनिया से किस प्रकार भिन्न है?

3 बाबूजी भोलानाथ को खाना खिलाते थे, फिर भी मॉ को संतुष्टि क्यों नही थी?

4 तिवारी जी ने बैजू और भोलानाथ को गुरुजी से क्यों पिटवाया?

5 विपदा के समय बच्चा पिता के पास न जाकर मॉ के पास ही क्यों जाता है? अपनी राय के अनुसार लिखिए। भोलानाथ द्वारा माँ के आँचल में छिप जाने पर माँ की मनोदशा का वर्णन कीजिए।

2. जार्ज पंचम की नाक

1. नाक मान–सम्मान व प्रतियठा का द्योतक है। यह बात पूरी तरह व्यंग्य रचना में किस तरह उभर कर आई है? लिखिए।
2. जार्ज पंचम की नाक लगने वाली खबर के दिन अखबार चुप क्यों थे?
3. 'नई दिल्ली में सब था.....सिर्फ नाक नहीं थी'। इस कथन के माध्यम से लेखक क्या कहना चाहता था।
4. बच्चों की नाक भी जार्ज पंचम की नाक से बड़ी थी– लेखक ने ऐसा क्यों कहा?
5- इस व्यंग्य में औपनिवेशिक दौर की मानसिकता और विदेशी आकर्षण पर गहरी चोट की गई है, कैसे?
6. नाक किस बात का द्योतक है? जॉर्ज पंचम की लाट पर नाक लगवाने के माध्यम से लेखक क्या कहना चाह रहा है?
7. सरकारी तंत्र में जॉर्ज पंचम की नाक लगाने को लेकर जो चिन्ता या बदहवासी दिखाई देती है वह उसकी किस मानसिकता को दर्शाती है ?
8. आज की पत्रकारिता में चर्चित हस्तियों के पहनावे और खान–पान संबंधी आदतों का वर्णन होता है, पत्रकारिता का यह रूप युवा पीढ़ी को किस तरह प्रभावित करता है ?
9. जॉर्ज पंचम की नाक का कथ्य क्या है ?
10. जॉर्ज पंचम की नाक लगने वाली खबर के दिन अखबार चुप क्यों थे ?
11. रानी एलिजाबेथ के दरजी की परेशानी का क्या कारण था ? उसकी परेशानी को आप किस तरह तर्कसंगत ठहराऐंगे।
12. जॉर्ज पंचम की नाक लगाने के लिए क्या–क्या प्रयास किए गए ?

3. साना–साना हाथ जोड़ि

1. प्रकृति के उस अनंत और विराट स्वरूप को देखकर लेखिका को कैसी अनुभूति होती होती है?
2- कभी **श्वेत** तो कभी रंगीन पताकाओं का फहराना किन अलग–अलग अवसरों की ओर संकेत करता है?
3. आज की पीढ़ी द्वारा प्रकृति के साथ किस तरह खिलवाड़ किया जा रहा है?इसे किस प्रकार रोका जा सकता है?
4. सैलानियों को प्रकृति की अलौकिक छटा का अनुभव करवाने में किन–किन लोगों का योगदान होता है?
5- **हिमशिखरों** को जल–स्तंभ क्यों कहा गया है? 'साना–साना हाथ जोड़ि'– पाठ के आधार पर बताइए।
6. औरतों को मेहनत करते देख लेखिका के मन में उनके प्रति कैसे–कैसे भाव उत्पन्न हुए?
7. 'कटाओ' क्या है? इसके बारे में जानकारी दीजिए।

8. घुमक्कड़ी हमें 'स्व' की संकीर्णता से कैसे मुक्त करती है? पाठ के आधार पर बताइए।

4. एही ठैयॉ झुलनी हेरानी हो रामा

1. भारत के स्वाधीनता आंदोलन में दुलारी और टुन्नू ने अपना योगदान किस प्रकार दिया?
2. एही ठैयॉ झुलनी हेरानी हो रामा! का प्रतीकार्थ समझाइए।
3- दुलारी और टुन्नू के प्रेम के पीछे उनका कलाकार मन और उनकी कला थी, यह प्रेम दुलारी के दे श –प्रेम तक कैसे पहुॅचता है?
4. हमारी आजादी की लड़ाई में समाज के उपेक्षित माने जाने वाले वर्ग का योगदान भी कम नहीं रहा है। इस कहानी में ऐसे लोगों के योगदान को लेखक ने किस प्रकार उभारा है?
5. कजली दंगल जैसी गतिविधियों का आयोजन क्यों हुआ करता होगा? कुछ और परम्परागत लोक आयोजनों का उल्लेख कीजिए।
6- संपादक ने यह क्यों कहा कि श र्मा द्वारा लिखी रिपोर्ट सच है, पर छप नहीं सकती?

5. मैं क्यों लिखता हूॅ

1 एक संवेदनशील युवा नागरिक की हैसियत से विज्ञान का दुरुपयोग रोकने में

आपकी क्या भूमिका है?

2 'मैं क्यों लिखता हूॅ' पाठ के लेखक के अनुसार अनुभव और अनुभूति में क्या अंतर है?

3 भीतरी विव श ता क्या होती है? लेखक ने इसे स्पष्ट करने के लिए किसकी चर्चा

की?

4 लेखक के अनुसार प्रत्यक्ष अनुभव की अपेक्षा अनुभूति उनके लेखन में कहीं अधिक मदद करती है, क्यों?

4 हिरोशिमा में लेखक ने प्रत्यक्ष सब कुछ देखा, फिर भी लेखक कुछ नहीं लिख पाए, क्यों?

5 किस घटना ने लेखक के अंतर्मन को झकझोर कविता लिखने के लिए विवश किया?

6 कृतिकार हमेशा क्या भेद बनाए रखता है?

खण्ड–घ

अर्थबोध (कविता)

संकेत विन्दु–

1–ऊधौ----------ज्यों पागी ॥

क)– प्रेम के धागे में नहीं बधे थे । व्यंग्य है । 2

ख)–कृष्ण सरोवर में प्रेमजल के साथ रहने पर भी हृदय में प्रेम भावना का कण मात्र भी नहीं। 2

ग)– चींटी और गुण से, एकोन्मुख प्रेम की अभिव्यक्ति । 2

घ)– भक्तिकाल । 1

ड)– साहित्यिक ब्रजभाषा । 1

2–सुनि कटु----------रघुकुलभानु ॥

क)–लक्ष्मण के कड़वे बचन सुन कर जब परसुराम ने फरसा सभाला । 2

ख)–ब्राह्मण देवता आप घर पर ही बढ़े हुए हैं । 2

ग)–क्रोधाग्नि बढ़ने लगी । वे फरसा सँभालने लगे । 2

घ)–श्री रघुनाथजी , वे जल के समान शीतल बचन बोले । 2

ड)–लक्षमण का परशुराम के प्रति अनुचित वाणी को सुनकर । 2

3–पायनि नूपुर----------देव सहाई ॥

क)– देव । 1

ख)– श्रीकृष्ण । 1

ग)– पैर में पैजनी , कमर में करधनी ,साँवले शरीर पर पीला वत्र, गले में वैजन्ती की माला तथा मष्तक पर मुकुट सुशोभित है । 2

घ)– श्रीकृष्ण , सौन्दर्य मुख रूपी दीपक का प्रकाश सर्वत्र परिलक्षित हो रहा है । 2

4–मधुप गुन–गुना----------गागर रीति ।

क)–भ्रमर के गुंजार के माध्यम से । 1

ख) कवि का यौवनकालीन रसभरा दिन समाप्त हो चुका है । 2

ग)–दूसरों के कष्ट में प्रसन्नता का अनुभव । 2

घ)–गागर रूपी हृदय में प्रेम जल का अभाव । आज कवि का जीवन नीरस हो चुका है । 2

5– बादल गरजो!– ----------बादल गरजो ।

क)–सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला , 'उत्साह' | 2

ख)–बादल पीड़ित प्यासे जन की आकांक्षा को पूरा करने वाला है । 2

ग)–काले–काले घुघराले जो अतीव सुन्दर लग रहे हैं । 2

घ)–हृदय में बाल कल्पना के समान बिजली का चित्र बसा लिया हो । 2

6)–फसल क्या है ----------थिरकन का ।

क)–जल,श्रम, माटी तथा सूर्य की किरणें । 2

ख)–प्रकृति का सहयोग फसल के लिए आवश्यक है । 2

ग)–भूरी, काली सन्दली,क्योकि फसल उगाने के लिए अनेक प्रकार की माटी की आवश्कता पड़ती है । 2

घ)–मानव श्रम से ही फसल सम्भव है । 2

ड)–फसल के उगाने में सूर्य के किरणों की नितांत आवश्यकता पड़ती है । 2

7)–दुविधा– हत----------भविष्य वरण ॥

क)– साहस रहते हुए भी दुविधाग्रस्त रहना । 1

ख)– स्वीकार कर लेना चाहिए , निराश नहीं होना चाहिए । 2

ग)–असफलता को भूलकर । 1

घ)–क्योंकि साहस होते हुए भी व्यक्ति दुविधाग्रस्त है । 2

ड)–सफलता प्राप्त न कर पाने की दुखद पीड़ा । 2

8)–माँ ने कहा----------मत देना ।

क)– वस्त्र आभूषणों पर नहीं रीझना, हिम्मत से जूझना । 2

ख)–क्योंकि वस्त्र एवं आभूषणों के प्रलोभन में स्त्रियाँ विवश होकर जुल्म सहती हैं । 2

ग)–लड़कियाँ जुल्म सहती हैं , आत्महत्या के लिए विवश हो जाती हैं । 2

घ)–आग पर रोटियाँ बनाई जाती हैं, आत्महत्या के लिए नहीं । यह कायरता है । 2

9)–तारसप्तक में ----------जाना चाहिए ।

क)–मंगलेश डबराल–संगतकार । 2

ख)–संगतकार अपनी आवाज देकर उसका गायन प्राणवान बना देता है । वह उसे अकेलेपन का अहसास नहीं होने देता । 2

ग)–नायक की सफलता में अनेक लोगों की भूमिका होती है । प्रत्येक का अपना–अपना महत्व है । सामने न आना कमजोरी नहीं मानवीयता है । 2

घ)–मुक्तक छंद । 1

विषय वस्तु (कविता)

1–पद

1)–उधौ तथा कृष्ण के सहयोगियों पर व्यग्य है क्योंकि कृष्ण के समीप हैं लेकिन कृष्ण प्रेम में आबद्ध नहीं हैं । 3

2)–उद्धव कभी स्नेह के धागे में बधे होते तो वे बिरह की वेदना को अनुभूत अवश्य कर पाते । 3

3)–निर्गुण और सगुण । उद्धव जी निर्गुण के समर्थक थे जबकि गोपियाँ सगुण की ।

4)–यह एक तीखा व्यंग्य है, कृष्ण के समीप रहकर भी उनके प्रेम में आबद्ध नहीं हो सके । 3

5)–गोपिकाएँ सगुणोपासक थी । कृष्ण के प्रति उनका एकोन्मुख प्रेम था । योगसाधना निर्गुण था । 3

6)–कृष्ण उद्धव द्वारा निर्गुण ब्रह्म का उपदेश दिलाकर अपना पीछा छुड़ाना चाहते हैं । आज के राजनीति में भी नेता ऐसे ही कुछ आश्वासन देकर मुकर जाते हैं । 3

7)–श्रीकृष्ण को अन्याय नहीं करना चाहिए जबकि हम लोगों के साथ अन्याय कर रहें हैं । उन्हें ब्रज आना चाहिए । 3

8)–जल मध्य कमल फिर भी जल से भीगता नहीं ,तेल की गागरी आदि के माध्यम से गोपियाँ उद्धव को परास्त कर देती हैं । 3

2–राम–लक्षमण –परसुराम संवाद

1)–सहनशील बने , अपमान सूचक शब्दों से वंचित रहें,विनय एवं नम्रता क्रोधाग्नि को नष्ट कर देता है । 3

2)–बहुत तेज, प्रताप से गर्भ का बालक भी नष्ट हो जाता था । 3

3)–देवता, ब्राह्मण ,भगवन भक्त एवं गायों पर वीरता नहीं दिखाते । 3

4)–फूँक कर पहाड़ पहाड़ उड़ाना, कोहड़े की फली को तर्जनी दिखाना आदि व्यंगों का प्रयोग । 3

5)–छात्र स्वयं पढ़े ।

6)–विनय एवं नम्रता की वाणी क्रोधाग्नि को भी शांत कर देती है । 3

7)–चरित्र उदात्त कहलाता है । विनम्र व्यक्ति ही बिना शस्त्र के शत्रुओं को पराजित कर सकता है। 3

3–सवैया, कवित्त–1,2

1)–रूप–सौन्दर्य का आलंकारिक चित्रण , प्रकृति के प्रति कवि के भावों की अंतरंग अभिव्यक्ति, तथा कृष्ण के राजसी सौन्दर्य का वर्णन । 3

2)–दार्शनिकता तथा प्रकृति के सथ रागात्मक सम्बन्ध । 3

3)–औरगंजेब के पुत्र आजमशाह , खेरा, नरेश , उद्योतसिंह, कुशल सिंह आदि के यहाँ दरबारी कवि थे । 3

4)–छात्र स्वयं अनुभव के आधार पर लिखें । 3

5)–मौसम में परिवर्तन , असमय वर्षा,तापमान का अधिक होना । जलवायु पर अधिक ध्यान देना होगा । 3

4)–आत्मकथ्य

1)–जीवन निराशा के आवरण में घिरा था । जीवन में सूनापन , प्रेम का सर्वथा अभाव , व्यथा मौन है, कहानी कहने में असमर्थ । 3

2)–जीवन के अभाव एवं यथार्थपूर्ण पक्ष की अभिव्यक्ति करना चाहता है । 3

3)–प्रत्येक व्यक्ति के जीवन की कथा सामान्य व्यक्ति के जीवन की कथा जैसा ही होता है । 3

4)– जिसका अहसास कवि को हुआ है । व्यक्ति को झूठे आडम्बरों में नहीं आना चाहिए । 3

5)–उत्साह

1)–पीड़ित–प्यासे जन की आकांक्षा को पूरा करने वाला तथा नई कल्पना और नए अंकुर के लिए विध्वंस, विप्लव और क्रांति चेतना को सम्भव करने वाला । 3
2)–उनकी संख्या अनन्त है तथा पीड़ित प्यासे की आकांक्षा को पूरा करने वाला है। 3
3)–सामाजिक क्रांति या बदलाव में साहित्य की भूमिका महत्वपूर्ण होती है । 3

अट नहीं रही है

1)–सर्वत्र हरियाली छाई हुई है, वनप्रदेश सुगन्धित हो उठा है , भवरे फूलों पर गुंजार करने लगे हैं । मौसम बड़ा ही सुहावना हो गया है । 3
2)–ठंडक कम हो जाती है । आमों में बौर लग जाते हैं । बाग–वन पत्तों से लद जाते हैं । चारोतरफ हरियाली छा जाती है । 3
3)–लोग फाग गाने में मस्त हो जाते हैं । मन प्रसन्न हो जाता है। लोग मदमस्त हो जाते हैं । 3
4)–लोग होली गाने लगते हैं । आपसी विषमता को भूल कर आपस में मिलते हैं । 3

6)–यह दंतुरित मुसकान

1)–बच्चों में निश्चलता एवं स्वाभाविकता होती है जबकि बड़ों की मुस्कान में चातुर्य एवं व्यंजनाएँ होती है । 3
2)–जब वह पहचानता नहीं । भोलापन जैसी मन:स्थिति का पता चलता है । 3
3)–माटी का गुण उपजाऊ फसल उत्पन्न करता है । 3
4)–आज माटी में पहले जैसी तासीर नहीं है , परिणामत: अनुकूल फसल तैयार नहीं हो पा रही है । 3
5)–छह माह, दाँत तो चार माह के बाद ही आना प्रारम्भ होता है । 3
6)–कवि बच्चे से दूर था , कुछ दिनों के लिए आया था ,पालन–पोषण माँ करती थी । 3
7)–नन्हें शिशु की मुस्कान में वात्सल्य झलकता है , एक अजीब अल्हड़पन होता है । शीतलता होती है । 3
8)–जल,मृदा प्रदूषण एवं कीटनाशक दवाइयों का प्रयोग करके । 3

7–छाया मत छूना

1) जीवन में सुख और दुख दोनों की उपस्थिति है । विगत के सुख को याद कर वर्तमान के दुख को और गहरा करना तर्कसंगत नहीं है । 3
2)–वैभव और यश अस्थिर है। 3
3)–साहस होते हुए भी दुविधाग्रस्त रहना । 3

4)–मृग का प्यासा होकर वन में भ्रमण करना । धन के लोभ में भटकने के अर्थ में । 3
5)–वर्तमान से पलायन की अपेक्षा । 3

8–कन्यादान

1)–स्त्री के परंपरागत आदर्श रूप से हटकर जीने की सीख। संघर्ष झेलने की शक्ति । 3
2)–वैवाहिक जीवन एवं माँ का साया सुख तथा विवाह के पश्चात मिलने वाली पीड़ा दुख । 3
3)–छात्र स्वयं लिखें ।
4)–स्त्रियों की स्थिति दृढ़ हुई है । काफी सुधार हुआ है । मनुष्यों के साथ कदम में कदम मिलाकर चल रही हैं। 3
5)–बुढ़ापे में लड़कियाँ सहारा होती हैं। माता–पिता के लिए जीने का आधार बनती हैं । 3
6) दहेज–प्रथा,लडकियों को प्रताड़ित कर आत्महत्या के लिए विवश कर देते हैं 3

9–संगतकार

1)–नायक की सफलता में अन्य लोगों का भी सहयोग होता है । 3
2)–सहयोग देने वाले ।
3)–यह उनकी मानवीयता होती है । वे प्रकाश में नहीं आना चाहते । 3
4)–छात्र अपने कल्पना के आधार पर लिखें । 3

संकेत बिन्दु

माता का अंचल

1) छात्र स्व–अनुभव से करें ।

2) गाँव–घर में उपलब्ध सामाग्री ही उनके खेल–कूद का सामान , आज कंप्यूटर , विडियो गेम,िक्रकेट , फुटबाल, बालीबाल , बास्केट बाल , बैडमिंटन आदि आधुनिक उपलब्ध सामाग्री ।

3) पिता की अपेक्षा माँ का बच्चे के प्रति अधिक लगाव होता है ।

4) तिवारी जी को चिढ़ाना शूरू कर दिया ।

5) माँ के आँचल में सुरक्षा शांति और सुकून मिलती है ।

जार्ज पंचम की नाक

1 महारानी एलिजाबेथ की भारत यात्रा, जार्ज पंचम के नाक की खोज,पूरा शासन – तंत्र बौखलाया हुआ, हर कीमत पर नाक लगाने का प्रयास , कमेटी गठित,मूर्तिकार की नियुक्ति, जिंदा नाक लगाकर समस्या का हल ।

2 महारानी एलिजाबेथ की भारत यात्रा, उनकी जीवनी,प्रिंस फिलिप के कारनामे,नौकरों , बावर्चियों, खानसामों , अंगरक्षकों की जीवनी से अखबार भरे पड़े थे, अन्य समाचार नगण्य ।

3 मौजूदा व्यवस्था, गुलामी मानसिकता ।

4 जार्ज पंचम की अपेक्षा भारतीय बच्चों का सम्मान , प्रतिष्ठा अधिक है ।

5 महारानी एलिजाबेथ की भारत यात्रा पर सरकारी तंत्र की बदहवासी, दूसरे के समक्ष अच्छा बनने की मानसिकता, अग्रेजों के प्रति वफादारी दिखाना ।

6 मान –सम्मान का द्योतक ,सरकारी हुक्मरानों की गुलामी मानसिकता, भारतीय शहीदों की श्रेष्ठता ।

साना– साना हाथ जोड़ि

1 अलौकिकता का अनुभव ।

2 शांति और अहिंसा का प्रतीक श्वेत पताकाएं , किसी बुद्धिष्ट की मृत्यु पर, रंगीन पताकाएं –नए कार्य की शूरूआत के लिए ।

3 पर्वत काटकर सड़क बनाना, प्रकृति और स्वयं में संतुलन बनाना , वनों की सुरक्षा ।

4 सरकार, वहाँ के आदिवासियों, गाइड, रास्तों के परिचितों ।

5 हिमशिखर सर्दियों मे बर्फ के रूप में जल संग्रह कर लेती हैं,गर्मियों में पिघलकर जलधार बन जाती हैं ।

6 स्वर्गीय सौंदर्य, नदी, फूलों वादियों और झरनों के बीच भूख, मौत , दैन्य और जिंदा रहने की जंग, मातृत्व और श्रम साधना साथ–साथ ।

7 हिंदुस्तान का स्विटजर लैंड ।

8 जीवन की दुविधाओं से कैसे बाहर निकला जाए ,इस बात का बोध ।

5 एही ठैयॉ झुलनी हेरानी हो रामा

1 दुलारी – विदेशी नई बंडल की धोती को विदेशी कपड़ों की होली जलाने वाली टोली को देना ,सरदार को झाड़ू दिखाकर भगाना । टुन्नू– विदेशी कपड़ों की होली जलाने वाली टोली का साथ देना ।

2 इसी स्थान पर अपना मान सम्मान खो दिया ।

3 सरदार को झाड़ू दिखाकर भगाना ,टुन्नू की मृत्यु पर टुन्नू की दी हुई खादी की धोती पहनकर गाने के माध्यम से सरकार पर व्यंग्य ।

4 दुलारी – विदेशी नई बंडल की धोती को विदेशी कपड़ों की होली जलाने वाली टोली को देना, सरदार को झाड़ू दिखाकर भगाना । टुन्नू– विदेशी कपड़ों की होली जलाने वाली टोली का साथ देना ।

5 मन बहलाव का साधन, समाज में जागरूकता लाने का प्रयास, एक–दूसरे से मिलने का सुअवसर। नट – गायन, नौटंकी,मंच अभिनय, लोकगीत, ढोल वाद्य आदि ।

6 संपादक का दोहरा चरित्र ।

6 मैं क्यों लिखता हूँ

1 पोलीथीन और प्लास्टिक के स्थान पर जूट से बनी वस्तुओं का प्रयोग । सभाओं, जुलुसों ,नाटकों के द्वारा जागरूकता लाना ।

2 अनुभव घटित होता है , अनुभूति संवेदना और कल्पना के सहारे उस सत्य को आत्मसात कर लेती है ।

3 भीतरी विवशता लेखन के लिए मजबूर करती है । जापान के हिरोशिमा शहर पर बमबारी के बाद उतपन्न विकराल स्थिति ।

4 अनुभव घटित होता है , अनुभूति संवेदना और कल्पना के सहारे उस सत्य को आत्मसात कर लेती है जो रचनाकार के सामने घटित नहीं हुआ ।

5 अनुभूति प्रत्यक्ष की कसर थी ।

6 जापान के हिरोशिमा शहर पर बमबारी के बाद उतपन्न विकराल स्थिति ने ।

7 कौन – सी कृति भीतरी प्रेरणा का फल है और कौन–सा लेखन बाहरी दबाब का ।